हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 रोफरा ग्राम खमढोड़गी में प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान...

14 राष्ट्रीय युवा दिवस पर गूंजी स्वामी विवेकानंद...


**कार्रवाई : एक माह से ज्यादा समय से खड़ी खराब बसों पर चालानी कार्रवाई**

# नए बस स्टैंड पर खड़ी खराब बसों के संचालकों पर सख्ती, यातायात पुलिस ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ नए बस स्टैंड में खराब बसों की अवैध पार्किंग से यात्री होते रहते है परेशान

नए बस स्टैंड को शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यहां स्पष्ट प्रावधान है कि सवारी बसें केवल यात्रियों को उतारने और चढ़ाने के लिए ही निर्धारित समय तक रुकेंगी। इसके बावजूद कुछ प्राइवेट बस संचालक नियमों की अनदेखी करते हुए अपनी खराब और चलने में अक्षम बसों को कई-कई दिनों तक बस स्टैंड परिसर में खड़ा कर रहे हैं। इससे न केवल बस स्टैंड की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि आम यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नए बस स्टैंड में खराब बसो के लंबे समय तक खड़े रहने से यात्रियों के लिए निर्धारित स्थान कम हो गया है। सवारी बसों को सही ढंग से खड़ा करने में दिक्कत आ रही है, जिससे भीड़, अव्यवस्था और जाम जैसी स्थिति बनती जा रही है। यात्रियों को बस पकड़ने या उतरने में असुविधा हो रही है। कई बार तो बसों के बीच रास्ता संकरा हो जाने के कारण बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को विशेष परेशानी झेलनी पड़ती है। आमजन द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यातायात विभाग ने इस समस्या पर पहल की। यातायात विभाग की टीम ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया, जहां पाया गया कि कुछ प्राइवेट बस संचालकों ने अपनी खराब बसों को बिना किसी अनुमति के बस स्टैंड में खड़ा कर रखा है। इनमें से कई बसें लंबे समय से वहीं खड़ी थीं और उनके कारण सवारी बसों के लिए निर्धारित स्थान बाधित हो रहा था। निरीक्षण के दौरान जब यातायात अधिकारियों ने बस संचालकों को नियमों की जानकारी दी और खराब बसों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए, तो कुछ बस संचालक बहस करने लगे। उनका तर्क था कि बस स्टैंड में बस खड़ी करने की जगह है, इसलिए वे अपनी बसें वहीं रखते हैं। हालांकि यातायात विभाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बस स्टैंड केवल सवारी संचालन के लिए है, न कि खराब या अनुपयोगी बसों को खड़ा करने के लिए।


यातायात ने बस क्रमांक सीजी 04 एमके 0203 का काटा चालान


अल्टीमेटम के बाद सीजी बस क्रमांक 19 एफ 0173 नहीं हटी


अल्टीमेटम के बाद सीजी बस क्रमांक 19 एफ 0174 नहीं हटी


अल्टीमेटम के बाद सीजी बस क्रमांक 04 डीवी 7862 नहीं हटी

### यातायात कार्रवाई का किया स्वागत

यात्रियों और स्थानीय लोगों ने यातायात विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यदि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, तो बस स्टैंड की व्यवस्था बेहतर होगी और यात्रियों को सुविधा मिलेगी। लोगों ने मांग की है कि ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी बस संचालक नियम तोड़ने का साहस न कर सके।

### लंबे समय से खड़ी बस का काटा चालान

यातायात प्रभारी ने बताया कि लंबे समय से बस क्रमांक सीजी 04 एमके 0203 नए बस स्टैंड पर खड़ी थी। परमिट नियमों का उल्लंघन करने पर 5 हजार का चालान काटा गया। इसके अलावा अन्य कई बसों पर भी चालान काटकर बस मालिकों को बस हटाने के लिए समझाईश दिया गया। इस कार्यवाही के बाद अन्य बस संचालकों में हड़कंप मच गया। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### यातायात विभाग ने अपील की

यातायात विभाग के प्रभारी दीपक साव ने सभी प्राइवेट बस संचालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं। विभाग का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाना है। यदि सभी पक्ष मिलकर नियमों का सम्मान करेंगे, तो नए बस स्टैंड का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सकेगा और आमजन को राहत मिलेगी।

### अपील के बाद भी नहीं हटी बसें

यातायात विभाग ने 11 जनवरी को बस हटाने के लिए बस संचालकों से अपील किया था। हरिभूमि की टीम ने नए बस स्टैंड में 11 जनवरी को की गई अपील का असर देखने 12 जनवरी को नए बस स्टैंड पहुँची, अधिकतम बसें हट चुकी थी, केवल 03 बसें सीजी 04 डीवी 7862, सीजी 19 एफ 0174, सीजी 19 एफ 0173 खड़ी हुई नजर आई। एक बस का चक्का खराब निकला हुआ है। खराब बसों के मालिक इन बसों को नहीं हटाए है। यातायात विभाग अब इन बसों पर भी चालानी कार्यवाही कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### युवक से की मारपीट और संपत्ति को पहुंचाई क्षति



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 3 में आरोपी द्वारा युवक के साथ मारपीट करने व तोड़फोड़ करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपराली पखांजुर निवासी 25 वर्षीय समर सिंह नरेटी पिता देवसिंह ने पुलिस को बताया कि पीव्ही 03 पखांजुर निवासी नितेश राय ने 11 जनवरी को शाम 4 बजें गाली गलौज करते हुए मारपीट किया व संपत्ति को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। युवक के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नितेश राय के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 324 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत चिहरीपारा बांदे निवासी 43 वर्षीय उत्तम दामले पिता बसंत दामले का अज्ञात कारणों के चलते 11 जनवरी को मौत हो गया। चिहरीपारा बांदे निवासी कुंती दामले ने पुलिस को बताया कि मृतक का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत टिकरापारा हल्बा निवासी 23 वर्षिय रविशंकर उइके पिता भुवनेश्वर उइके ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया लेकिन उसका 22 नवंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात व्यक्ति को लाया अस्पताल, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था। अज्ञात का इलाज से पहले ही 11 जनवरी को रात साढ़े 11 बजें मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो थाना कांकेर में पेश करने पर मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा विवेचना में लिया गया।

### सुरूंगदोह में आज से तीन दिवसीय उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण अंचल में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क विकसित करने के उद्देश्य से विकासखंड दुर्गूकोंदल के संकुल केंद्र सुरूंगदोह 1 एवं 2 द्वारा तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 13 से 15 जनवरी तक हाईस्कूल मैदान सुरूंगदोह में आयोजित होगा। खेल महोत्सव में संकुल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बालक-बालिकाए भाग लेंगे।

### 3.46 लाख मैट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 03 लाख 46 हजार 274 मेट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। इसमें 03 लाख 44 हजार 051 मेट्रिक टन मोटा धान तथा 2 हजार 091 मेट्रिक टन पतला और 131 मेट्रिक टन सरना वैरायटी का धान शामिल है।



## गांव में दबंगई और मारपीट करने वाला गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लेबर लोगो को मेला दिखाने ले जाते हो करते हुए युवक ने गांव के कही अन्य युवक के साथ मारपीट किया था। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया।

कांकेर पुलिस को दसपुर निवासी दिनेश श्रीवास्तव पिता स्व. धर्मी लाल श्रीवास्तव ने बताया था कि उनके छोटे भाई अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गांव के ही युवक प्रवीण कौशल द्वारा मारपीट किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी प्रवीण कौशल ने लेबर मजदूरों को मेला दिखाने ले जाने की बात को लेकर विवाद किया और इसी बात को लेकर अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ मिलकर हाथापाई कर दिया। घटना के दौरान आरोपी और उसके साथियों ने अर्जुन श्रीवास्तव के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जानकारी पुलिस को दिया। शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 जनवरी को आरोपी दसपुर निवासी 21 वर्षीय प्रवीण कौशल पिता देवराज कौशल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और घटना में शामिल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 32 पौवा शराब जब्त, कोचिया पर आबाकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



**कांकेर।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले के शराब कोचिए के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। मौके पर आरोपी कोचिए के कब्जे से 22 पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 10 पौवा देशी यूनिक मसाला कुल 32 पौवा देशी शराब कीमत 2 हजार 760 रूपएं को जप्त किया गया। शहर में शराबियों, नशेड़ी, गजेड़यिो, अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर निगरानी कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार शहर में पेट्रोलिग के दौरान वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि एक व्यक्ति शराब दुकान से भारी मात्रा में शराब खरीदकर पंडरीपानी कि ओर जा रहा है और अपने कब्जे में अवैध रूप से शराब रखा हुआ है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 12 जनवरी को पंडरीपानी से सेन चैंक कांकेर के पास आरोपी शीतलापारा कांकेर निवासी 48 वर्षीय विजय सोनी पिता पन्ना लाल सोनी को 22 पौवा देशी शोले प्लेन शराब एवं 10 पौवा देशी यूनिक मसाला कुल 32 पौवा देशी शराब कीमत 2 हजार 760 रूपएं के साथ पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## दो बाइक सवारों पर जानलेवा हमला करके आरोपी लॉज की छत पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ युवक के हाई वोल्टेज ड्रामा से फैली दहशत

क्षेत्र में बीते रात एक विक्षिप्त युवक द्वारा किए गए हाई वोल्टेज ड्रामे से इलाके में दहशत फैल गई। आरोपी युवक ने पहले राह चलते दो लोगों पर जानलेवा हमला किया और फिर गिरफ्तारी के बाद अस्पताल से भागकर एक लॉज की छत पर चढ़ गया एवं वहाँ भी सामानो को नुकसान पहुंचाया। पुलिस को उसे काबू करने में घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार आरोपित 23 वर्षीय नितेश राय पिता नवरत राय, निवासी आवासपारा ने बीती रात पीव्ही 03 के पास दो बाइक सवारों को अपना निशाना बनाया। आरोपी नितेश ने बिना किसी कारण के विजय नाग और समर नरेटी के साथ बुरी तरह मारपीट किया। इस हमले में विजय नाग की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जबकि समर नरेटी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी नितेश को पकड़कर मामला दर्ज किया और उसे इलाज व मुलाहिजे के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन 12 जनवरी की सुबह आरोपी अस्पताल में लाखों का नुकसान के वहाँ से भाग निकला और पुराना बाजार स्थित खुशी लॉज की छत पर जा चढ़ा, वहाँ उसने काफी देर तक हंगामा किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा और स्थिति पर काबू पाया।

पुलिस ने आरोपी नितेश राय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2), 351 (2) और 324 के तहत मामला दर्ज किया गया। युवक की मानसिक स्थिति और उसके हिंसक व्यवहार को देखते हुए प्रशासन ने उसे बेहतर उपचार और सुरक्षा के लिए बिलासपुर संेदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय भेज दिया है।

## शिविर में जवानों की सेहत की जाँच



**पखांजुर।** थाना परिसर पखांजुर में पुलिस कर्मियों की व्यस्त जीवनशैली और मानसिक तनाव के बीच उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कांकेर पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एसपी निखिल राखेचा के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में बड़गांव, परतापुर, पखांजूर, बांदे, गोंडाहुर एवं अन्य थाना के कर्मियों ने इसका लाभ उठाया। एएसपी पखांजुर राकेश कुर्रे ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। हमारा प्रयास है कि हर जवान फिट और ऊर्जावान रहे।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित 3 की मौत गाँव का माहौल गमगीन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट में 12 जनवरी की सुबह 7 बजे सड़क पर गूंजती दो मोटर सायकल की टक्कर की आवाज ने खुशियों से भरे घरों को मातम में बदल दिया। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में तीन युवकों की दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में दो सगे भाइयों की एक साथ मौत ने एक घर का चिराग हमेशा के लिए बुझा दिया, वहीं तीसरे युवक की मौत से एक और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

जानकारी के अनुसार पल्सर मोटर सायकल सोल्ड में सवार पीव्ही 09 सत्येंद्र नगर से दो सगे भाई 24 वर्षीय राज सरकार और 27 वर्षीय सूरज सरकार पिता रबिन सरकार पखांजुर काम से जा रहे थे, इनकी मोटर सायकल पीव्ही 31 मेन रोड कुमुद मंडल के खेत के पास पहुँचे, उसी दौरान सामने की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 5136 में सवार हरनगढ़ निवासी 23 वर्षीय संजीत दुग्गा पिता स्व. अन्नो दुग्गा से टकरा गए। दोनो मोटर सायकल आमने सामने टकरा गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए और युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और घायलों को पखांजूर अस्पताल पहुंचाया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही तीनों ने दम तोड़ दिया। दो जवान बेटों की एक साथ मौत से माता-पिता पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। गांव में हर आंख नम ▶▶| शेष पेज 12 पर

**विवेकानंद जयंती पर संस्कार, संस्कृति और स्वदेशी का संदेश**

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकली शोभायात्रा और स्वदेशी अपनाने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भैया-बहन स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित भगवा वेषभूषा धारण कर शामिल हुए। शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से हुआ, जो हनुमान मंदिर ऊपर-नीचे रोड पर सभा के रूप में संपन्न हुआ। सभा स्थल पर उपस्थित भैया-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार तारक ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए भैया-बहनों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश चंद्रौल, प्रदीप धर्मेंद्र पंडा, मनोज चोपड़ा, पीके लोहानी, भारती ठाकुर, दिलीप बगानी, जीवनी गंगबेर के अलावा विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक सहित नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

उन्होंने स्वदेशी अपनाने के संकल्प को जीवन में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। कांकेर शिक्षा समिति के सह सचिव अजय जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। देश, भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व के प्रति उनकी गहरी सोच ने राष्ट्रवासियों को आत्मगौरव से भर दिया। ललित गांधी ने कहा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### रासेयो इकाई कोरर ने स्वदेशी संकल्प दौड़ का किया आयोजन

**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कि 163 वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग को बढ़ावा देनें, सभी बच्चों, युवाओं और लोगों में स्वदेशी अपनाने जागरूक करने के उद्देश्य से स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में 63 लोगों ने भाग लिया। बालक वर्ग वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर थानेश्वर कावड़े, वीर प्रताप दुग्गा, चुरेंद्र सिंहा, देवेन्द्र साहु, पुलस्त साहु, बालिका वर्ग में परमेश्वरी मंडावी, ओमिका कोस्मा, एंजल साहु, इंदु निर्मलकर, दिपाली साहु रहें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य झरना हेमंत ध्रुव ने कहा कि खेलकूद जीवन के लिए बहुत अनिवार्य है, यह हमको स्वस्थ बनाता है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन वास करता है, आने वाले समय पर बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली है, जिसके लिए हमको स्वस्थ तन और स्वस्थ मन दोनों कि आवश्यकता होगी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अनूप राठौर ने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में शत प्रतिशत भाग लेना चाहिए। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने पर जोर दिया। इस अवसर ग्राम पंचायत कोरर उप सरपंच ललित राठी, मंडल अध्यक्ष भाजपा पीयूष कश्यप, प्राचार्य तरांदुल चंद्रकांत साहू, व्याख्याता अनुपम जोफर, व्यायाम शिक्षक ठाकुर राम कुल्हारे व अन्य उपस्थित रहें।

### जर्जर सड़कों और भ्रष्टाचार के खिलाफ आप पार्टी का आक्रामक जन आंदोलन

**कोयलीबेड़ा।** क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ बचा बो छत्तीसगढ़ यात्रा पानीडोबीर से प्रारंभ होकर कोयलीबेडा ब्लॉक मुख्यालय तक निकाली गई। यह यात्रा जनता की पीड़ा, आक्रोश और सरकार की विफलताओं को उजागर करने का सशक्त माध्यम बनी। यात्रा के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि सरकार की तथाकथित महत्वाकांक्षी योजनाएं जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। नेलानार मार्ग सहित पानीडोबीर गुदुल पानीडोबीर मरम पानीडोबीर आलपरस आलपर मार्ग की सड़कें बेहद जर्जर अवस्था में हैं। इन सड़कों से चार ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं, लेकिन सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के कारण आज ग्रामीण कीचड़, गड्ढों और दुर्घटनाओं के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। पार्टी ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और ठेकेदारों की मिलीभगत से जनता के टैक्स का पैसा लूटा गया है। बरसात के दिनों में एंबुलेंस तक गांवों में नहीं पहुंच पा रही है, मरीज रास्ते में दम तोड़ रहे हैं और बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह स्थिति सरकार की असंवेदनशीलता और नाकामी का जीवंत प्रमाण है। पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो पार्टी ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय तक उग्र जन आंदोलन, चक्का जाम और घेराव करने से पीछे नहीं हटेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बचा बो छत्तीसगढ़ यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी यह स्पष्ट कर देना चाहती है कि अब ग्रामीणों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जब तक जनता को उसका हक नहीं मिलेगा, आम आदमी पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। इस जन आंदोलन में जिला महासचिव शिव पोटाई, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार कोमरा, यूथ विंग जिला अध्यक्ष बारसू हुपेंडी, ब्लॉक सचिव बिरीज आचला, महिला विंग ब्लॉक अध्यक्ष संगीता आचला, यामनी कोमरा, जमीला वट्टी, रामकुमार धुर्वा, रूपेश बघेल, रामू उसेंडी, सुरेन्द्र कड़ियांम सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोफरा खमढोड़गी में प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान कर ग्राम स्वशासन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड चारामा के ग्राम कहाड़गोंदी आयोजित पाँच दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण एवं पेसा विषयक शिविर में सहभागिता कर लौटे प्रशिक्षणार्थियों के सम्मान तथा पेसा कानून के प्रावधानों को लेकर जन-जागरूकता के उद्देश्य से 11 जनवरी को विकासखंड कांकेर अंतर्गत रोफरा ग्राम खमढोड़गी में एक विस्तृत एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कांकेर ब्लॉक के कुल 85 प्रशिक्षणार्थियों को पेसा कानून, पेसा नियम, रोफरा कानून एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना से संबंधित विस्तृत, व्यवहारिक एवं कानूनी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम खमढोड़गी में संचालित विभिन्न प्रबंधन योजनाओं की जानकारी साझा की गई तथा उनके क्रियान्वयन, निगरानी व्यवस्था और ग्राम सभा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में ग्राम सभा की संवैधानिक भूमिका, अधिकार एवं कर्तव्य, निर्णय लेने की प्रक्रिया, पारदर्शी प्रबंधन व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्थानीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों में यामिनी कुंजाम, प्रियंका कोमरा, प्रदीप मंडावी एवं टुपेश पोटाई द्वारा ग्राम सभा आधारित स्वशासन, सहभागितापूर्ण प्रबंधन तथा पेसा नियमों और रोफरा कानून के अनुरूप योजनाओं के संचालन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।



### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षणार्थियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार अर्जित ज्ञान का उपयोग कर ग्राम स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है और ग्राम सभा को निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बनाया जा सकता है। सम्मान समारोह में खमढोड़गी के ग्राम गायता गान्नु जुर्री, कुमार मंडावी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भीरावाही, प्यार सिंह मंडावी, रुपराय कोमरा, बिरसाय कुंजाम, अमृत नाग, छबिलाल कुंजाम, नवलु उसेंडी, टुपेश पोटाई, प्रदीप मंडावी, शिवराम उसेंडी, प्रियंका कोमरा, यामिनी कुंजाम, जितेन्द्र हिच्चमी, संजय, रवि प्रकाश कोर्राम, येरूंग कुमेटी, रोहित नेताम, महेश मंडावी, पीतांबर शोरी, कमलेश कोमरा, नारद सलाम, अनु कोरोटी, संत मतलाम, भुनेश्वर नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोहकामेटा थाना के ग्राम जटवर में नए जनसुविधा कैंप खुलने से लोगों को मिलेगी राहत

# नक्सलमुक्त बस्तर के लक्ष्य के लिए जटवर में खुला इस वर्ष का पहला कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर पुलिस व सीमा सुरक्षा बल द्वारा नक्सल मुक्त भारत एवं नक्सल मुक्त छग के लक्ष्य को प्राप्त करने वर्ष 2026 का पहला कैम्प कोहकामेटा थाना क्षेत्र के ग्राम जटवर में खोला गया। इससे पूर्व वर्ष 2025 में नारायणपुर जिले में 27 सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था। लगातार खुल रहे कैम्प व सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान की वजह से गत वर्ष पुलिस को भारी सफलता मिली थी और माड़ में कई सेण्ट्रल कमेटी मेंबर व खूंखार नक्सलियों को मार गिराया गया था।

गौरतलब है कि माड़ बचाओ अभियान के तहत थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम जटवर में आईजी सुन्दराज पट्टलिंगम, डीआईजी अमित कांबले, एसपी रोबिनसन गुरिया व अन्य अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं बीएसएफ 86 वीं वाहिनी, 178 वीं वाहिनी, 83 वीं वाहिनी और 133 वीं वाहिनी द्वारा खोला गया। जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सलमुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। एसपी रोबिनसन गुरिया ने बताया कि थाना कोहकामेटा के ग्राम जटवर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कोहकामेटा-कच्चापाल-परियादी एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यों में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस ने धूर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम जटवर में नवीन कैम्प स्थापित किया है।




### वर्ष 2025 के बाद पहला कैम्प

एसपी ने बताया कि माड़ बचाओ अभियान के तहत वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगूड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदिनपार और मन्दोड़ा में 27 नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया गया था। इसके बाद कोहकामेटा थाना क्षेत्र के जटवर में वर्ष 2026 का यह पहला कैम्प खोला गया है।

### ग्रामीणों में उत्साह व सुरक्षा का माहौल

ग्राम जटवर में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प जटवर थाना कोहकामेटा क्षेत्र में स्थित है जो जिला मुख्यालय नारायणपुर से 54 किलोमीटर थाना कोहकामेटा से 26 किलोमीटर, कच्चापाल से 17 किलोमीटर और कोडनार से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जटवर में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र कोगाली, वारापिद्दा, वडापेंदा, करकाबेड़ा, गुरगापदर, घमण्डी और जटवर में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा।

## 17 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे शिक्षक, सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के संयुक्त आह्वान पर प्रदेशभर के सहायक शिक्षक अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर 17 जनवरी को एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन करेंगे। इस दिन समस्त जिलों में शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन मोदी की गारंटी के अंतर्गत किए गए वादों को पूरा कराने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहायक शिक्षकों के साथ लंबे समय से वेतन एवं सेवा शर्तों को लेकर अन्याय हो रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, पूर्व सेवा की गणना कर एलबी संवर्ग को समस्त शासकीय लाभ देना, शिक्षक उपस्थिति के लिए व्हीएसके एप को स्वयं के मोबाइल में अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करने की बाध्यता समाप्त करना तथा शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है। रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के माध्यम से राज्य शासन तक अपनी मांगें पहुंचाई जाएंगी। फेडरेशन के संयुक्त आह्वान पर आंदोलन की जानकारी 12 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर एवं एसपी कार्यालय कांकेर को भी सौंप दी गई है। इस अवसर पर फेडरेशन से जुड़े अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधि उत्तम चंद वारे, टीकाराम ठाकुर, मनोज मंडावी, तमेश्वर नाग, आशु मरकाम, विनोद मंडावी, मनीष भारद्वाज, अरुण मालेकर, बसंत कुमार साहू, मीना साहू, दीपा धाकड़े सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहें।

## साप्ताहिक बाजार में ट्रैफिक अव्यवस्था पर युवा मंच सक्रिय

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान उत्पन्न हो रही गंभीर यातायात समस्या को लेकर जागरूक युवा मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। मंच के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बाजार के दिन यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की है। जागरूक युवा मंच ने बताया कि सड़क किनारे दुकानों के अनियंत्रित रूप से लग जाने, वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और पुलिस बल की कमी के कारण आम नागरिकों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो किसी बड़ी और अपरिहार्य सड़क दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मंच ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में भी इसी लापरवाही के चलते सड़क दुर्घटना जैसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गूकोंदल का साप्ताहिक बाजार



क्षेत्र का सबसे प्रमुख बाजार है, जहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते बाजार के दिन मुख्य सड़कों पर भारी भीड़ और अव्यवस्थित यातायात की स्थिति बन जाती है।

जागरूक युवा मंच ने प्रशासन से इस समस्या का तत्काल निवारण करने की मांग करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो मंच को जनहित में आगे और आंदोलनात्मक कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ सकता है। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद स्थानीय नागरिकों में उम्मीद जगी है कि प्रशासन बाजार के दिन यातायात सुधार को लेकर जल्द ही प्रभावी कार्रवाई करेगा, जिससे दुर्गुकोंदल का साप्ताहिक बाजार सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित में संचालित हो सकेगा।

## विवेकानंद जयंती पर बंग समाज ने दी श्रद्धांजलि और फल बांटे

**भानुप्रतापपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में रामकृष्ण ठाकुर के अनुयायी तथा बंग समाज के सदस्यों द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके उपरांत अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान बंग समाज के अध्यक्ष विष्णु साहा ने कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन पूरे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने मानव सेवा को ही सच्ची पूजा कहा, हम उसी मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। समाज के प्रति सेवा भावना, सद्भाव और एकता का संदेश देना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। युवाओं को स्वामी जी के जीवन आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में आगे आना चाहिए। समाज यदि एकजुट होकर बूढ़ों, मरीजों और जरूरतमंदों की सेवा करे, तो यह ही स्वामी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी क्रम में सीएचसी भानुप्रतापपुर के बीएमओ डॉ. सचिन्द्र गोटा ने कहा स्वामी विवेकानंद का संदेश दरिद्र नारायण



की सेवा ही सच्ची सेवा है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। बंग समाज द्वारा अस्पताल आकर मरीजों की सेवा करना अत्यंत सराहनीय कदम है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक वातावरण बनाते हैं और मरीजों को भी मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने समाज के सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करती है। इस अवसर पर पूर्व बीएमओ डॉ. अखिलेश ध्रुव, बीईटीओ रत्न पॉल, ड्यूटी स्टाफ नर्स रजनी गजभिए, बंग समाज के वरिष्ठ सदस्य एके हलधर, आरएन बिस्वास, राधारानी दास, सावित्री डे, केबी दास, प्राणकृष्ण बिस्वास, कृष्ण बंधु दास, सबिता नायर, मायारानी सरकार, सिबानी दत्ता, तपो शर्मा, जगदीश चक्रवर्ती तथा अन्य सहयोगियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## जीरामजी में 125 दिन के रोजगार की गारंटी से ग्रामीणों मिलेगी आर्थिक समृद्धि : टेकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कांग्रेस द्वारा मनरेगा को लेकर किए गए एक दिवसीय उपवास पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह उपवास गरीबों और मजदूरों के हित में नहीं, बल्कि मनरेगा में भ्रष्टाचार पर लगाम लगने के बाद कांग्रेस में उपजी राजनीतिक बेचैनी का परिणाम है। भाजपा का संकल्प स्पष्ट है, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था, पारदर्शी शासन और ग्रामीण गरीबों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित रोजगार उपलब्ध कराना। टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस को जनता को यह जवाब देना चाहिए कि उसके शासनकाल में मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना क्यों फर्जी नामों, बिचौलियों और कमीशनखोरी का अड्डा बन गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौर में न तो वास्तविक मजदूरों को समय पर काम मिलता था और न ही पूरी मजदूरी। योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचने के बजाय बिचौलियों और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों तक सीमित रह गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। इसी दिशा में मनरेगा को ग्रामीण रोजगार आश्वासन मिशन गारंटी यानी जीरामजी के रूप में एक नई पहचान दी गई है। यह बदलाव केवल नाम का नहीं, बल्कि नीतिगत सुधारों, तकनीकी निगरानी और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का प्रमाण है। जीरामजी के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, जो कांग्रेस शासनकाल की अस्थिर और अव्यवस्थित व्यवस्था की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और भरोसेमंद है। इससे ग्रामीण परिवारों को आय की स्थिरता मिलेगी और रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। भाजपा सरकार के कार्यकाल में फर्जी लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना से बाहर किया गया है। मजदूरी भुगतान की ऐसी प्रणाली लागू की गई है, जिससे राशि सीधे मजदूरों के बैंक खातों में पहुँच रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हुई है और मजदूरों को उनके श्रम का पूरा और समय पर पारिश्रमिक मिल रहा है। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसे योजना इसलिए कमजोर नजर आ रही है क्योंकि अब उसमें लूट, मनमानी और राजनीतिक दुरुपयोग की कोई गुंजाइश नहीं बची है। जब हर भुगतान डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज हो और हर कार्य की निगरानी हो, तो जिनकी राजनीति भ्रष्टाचार पर आधारित रही है, उन्हें स्वाभाविक रूप से परेशानी होती है। भारतीय जनता पार्टी जीरामजी सहित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को राजनीतिक हथियार नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव मानती है। आज की जनता केवल नारे और नाटक नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और ठोस परिणाम चाहती है।

# जामगांव धान खरीदी केंद्र में उठाव नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दबेना द्वारा संचालित जामगांव धान खरीदी केंद्र में धान उठाव नहीं होने के कारण खरीदी व्यवस्था पर गंभीर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थिति यह है कि यदि शीघ्र ही धान का उठाव शुरू नहीं हुआ तो धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। समिति प्रबंधक इलाश मरकाम एवं धान खरीदी प्रभारी गोविंद ने बताया कि जामगांव धान खरीदी केंद्र में अब तक कुल 22000 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके अलावा केंद्र की बफर लिमिट 9200 क्विंटल निर्धारित है, जो लगभग पूरी भर चुकी है। चिंताजनक स्थिति यह है कि खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक एक भी गाड़ी धान का उठाव नहीं हो पाया है, जिससे केंद्र में धान का भारी स्टॉक जमा हो गया है। धान का उठाव नहीं होने के कारण खुले स्थानों में रखे धान की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। मौसम में अचानक बदलाव या बारिश की स्थिति में धान खराब होने का खतरा बना हुआ है। वहीं सीमित स्थान होने के कारण नए किसानों का धान रखने में भी समस्या आ रही है। धान बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि वे कई दिनों से केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया जा रहा है कि उठाव नहीं होने के कारण खरीदी अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है। किसानों का कहना है कि उन्होंने मेहनत से फसल उगाई है और अब यदि समय पर धान नहीं बिका तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। समिति प्रबंधन का कहना है कि इस समस्या की जानकारी संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। परिवहन व्यवस्था नहीं होने और मिलर्स द्वारा धान नहीं उठाए जाने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द धान उठाव की व्यवस्था कर खरीदी को सुचारु रूप से जारी रखा जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।



### किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**जगदलपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि एक-एक दाना धान की खरीद सुनिश्चित नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने कहा कि धान टोकन काटने की प्रक्रिया में अव्यवस्था, भेदभाव एवं अनियमितता है, जिससे किसान मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से परेशान हैं। प्रशासन से मांग की गई कि धान खरीदी में पारदर्शिता लाई जाए और किसी भी किसान का धान खरीदी से वंचित न किया जाए।

## पेज 11 के शेष...

### गांव में दबंगई...

अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए, किसी भी प्रकार के विवाद को हिंसा का रूप न दें और कानून को अपने हाथ में न लें। ऐसे मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### स्वामी विवेकानंद जयंती...

कि आज देश को स्वदेशी की अत्यंत आवश्यकता है। हम सभी को स्वदेशी के प्रति समर्पित होकर राष्ट्र के उत्थान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वरिष्ठ आचार्य संतोष श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और भारत समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र बनेगा। पूजा चोपड़ा ने कहा कि जापान जैसे देश स्वदेशी के बल पर ही आज समृद्ध बने हैं। यदि हमें सच्चे अर्थों में देशभक्ति व्यक्त करनी है, तो देश के प्रति त्याग और समर्पण की भावना आवश्यक है।

### सड़क हादसे में...

है और घर में मातम पसरा हुआ है। तीसरे संजीत की मौत से उसके परिवार में भी कोहराम मच गया है।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही की भयावह कीमत को उजागर करता है।

## खबर संक्षेप

### नक्सल पीड़ितों की मदद और नए कानूनों के पालन पर दिया जोर



**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस मैराथन बैठक में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास, नए कानूनों के क्रियान्वयन, सड़क सुरक्षा और नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक का आरंभ राहत एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ हुआ। कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले नागरिकों के आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और घायलों को हर संभव मदद देने पर जोर दिया। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति जांची और अधिकारियों को इसे प्राथमिकता देने को कहा।

### सीईओ ने विकास कार्यों की प्रगति को देखा



**दंतेवाड़ा।** कुआकोंडा विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज जिला पंचायत सीईओ ने विकास एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। गांव में स्थापित वायु से जल निर्माण वाटर स्ट्रक्चर की सफाई, फेंसिंग, दिशा-निर्देश और संचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीईओ ने रेडी-टू-ईट यूनिट और आजीविका सेवा केंद्र का निरीक्षण कर स्व-सहायता समूहों से संवाद किया तथा उनकी गतिविधियों व गुणवत्ता को परखा। ग्रामीणों और किसानों से मिलकर उन्होंने शासकीय योजनाओं के लाभ, समस्याएं और आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की।

देवी दर्शन के बाद एक मांग एक मंच अभियान के दूसरे चरण का शंखनाद

# हक की हुंकार अब चुप नहीं रहेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारियों और एक लाख चवालीस हजार पेंशनरों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर शुरू हुआ एक मांग एक मंच अभियान अब निर्णायक मोड़ पर पहुँचता दिखाई दे रहा है। देय तिथि से महंगाई भत्ता और वर्ष 2017 से लंबित 80 महीनों के डीए एरियर्स की मांग अब केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि जन-संकल्प का रूप ले चुकी है।

अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत देवी दंतेश्वरी के दर्शन के पश्चात की गई, जो इस संघर्ष को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक बल भी प्रदान करता है। इसके तहत सिंधी कॉलोनी धर्मपुर और राजमहल के सामने स्थित बापू की कुटिया में दो अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं,जहाँ कर्मचारियों और पेंशनरों का आक्रोश, संयम और संकल्प एक साथ दिखाई दिया।

बैठकों में यह स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि बीते आठ वर्षों से कर्मचारी वर्ग को केवल आश्वासन मिलते रहे, अधिकार नहीं। जिन संगठनों ने अब तक नेतृत्व किया,वे कर्मचारियों को उनका हक़ दिलाने में असफल रहे। इसी असंतोष से जन्मा यह अभियान अब एक मांग, एक मंच,एक आवाज़ की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है।

यह भी बताया गया कि पहले चरण में 16 हजार कर्मचारियों और पेंशनरों के हस्ताक्षर वित्त सचिव को सौंपे जा चुके हैं। फरवरी तक पांचों संभागों में बैठकें पूरी कर राजधानी रायपुर में निर्णायक सम्मेलन की तैयारी की जाएगी,जहाँ आंदोलन की तिथि तय होगी। साफ संदेश था,अब प्रतीक्षा नहीं,संघर्ष होगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई किसी संगठन की नहीं, बल्कि सम्मान,अधिकार और भविष्य की है। कर्मचारी वर्ग ने यह ठान लिया है कि अब उनकी आवाज़ सिर्फ फाइलों में नहीं, सड़कों पर भी गूंजेगी।कार्यक्रम में प्रदेश संचालन समिति के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने अभियान के उद्देश्यों को विस्तार से रखते हुए कर्मचारियों से अपील की कि वे बिना किसी संगठनात्मक भेदभाव के इस संघर्ष से जुड़ें। इस अवसर पर चंद्रिका सिंह ने सभी कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर लाने के प्रयास की खुलकर सराहना की। बैठक को जितेंद्र सिंह ठाकुर, विद्याभूषण दुबे, जगदीश सिंह बामल, जीएस पांडे, जी शाही, अनंत मेहतो, डीडी सिंह, आरएस सूर्यवंशी,केआर रात्रे, राजेंद्र सिंह चौहान, केके मेहतो और एचवाई कुकडे ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ ओपी शंखवार,रमेश्वरी टंडन, सुनीता सूरी, सतीश चंद्राकर, बलिराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और पेंशनर उपस्थित रहे।

### इस आंदोलन का रोडमैप

यह आंदोलन केवल मांगों की सूची नहीं, बल्कि संघर्ष की रणनीति है। पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कर्मचारियों की वास्तविक संख्या और समर्थन को दर्ज किया गया। दूसरे चरण में संभाग स्तर पर बैठकें कर संगठनात्मक मजबूती दी जा रही है। तीसरे चरण में राजधानी रायपुर में महाआंदोलन की रूपरेखा तय होगी। चौथे चरण में सरकार पर प्रत्यक्ष दबाव बनाया जाएगा। और अंतिम चरण में या तो न्याय मिलेगा,या आंदोलन और तेज होगा।

सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ ने दोनों वर्गों में जीता पदक

# सॉफ्टबॉल में बालिकाओं ने गोल्ड और बालकों ने कांस्य पद जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



38वीं सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता। नेशनल चौंपियनशिप का आयोजन पटौदा, जिला झज्जर हरियाणा में 9 से 12 जनवरी के मध्य आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 10-0 से हराकर अपनी पारी की

■ छग बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा रखा कायम

जोरदार शुरुवात की, फिर जम्मू-कश्मीर को 9-0 हराया, लेकिन मेजबान हरियाणा से संघर्षपूर्ण मैच में 3-2 से हार गई। लीग मैच में आंध्रप्रदेश जो कि पिछले वर्ष की रजत पदक विजेता टीम थी उसको 13-3 से हराकर प्रतियोगिता में फिर से वापसी की और अपने को प्रतियोगिता में बनाए रखा। अगले मैच में केरल को 1-0, मध्य प्रदेश को 3-0 एवं राजस्थान को 3-1 से हराकर फाइनल में पहुंची।

फाइनल हरियाणा के साथ हुआ, पिछली हार का बदला लेने के लिए छत्तीसगढ़ की टीम पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मैदान में उतारी एवं शुरू से ही अपने आक्रामक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया। पहले इनिंग में टॉस हारने के बाद छत्तीसगढ़ की टीम ने हरियाणा को शून्य में आउट किया तथा अपनी इनिंग में एक रन बनाकर आगे हो गई, लेकिन दूसरी इनिंग में हरियाणा ने वापसी की एवं अपने को बराबरी में लाया लेकिन फिर से छत्तीसगढ़ ने 2 रन और बनाए तथा लगातार छत्तीसगढ़ की टीम आगे होते रही। पांचवें इनिंग के अंत में छत्तीसगढ़ में यह मैच 9-3 से जीत लिया। इस मैच में बीजापुर की शिल्पा ने जोरदार बैटिंग की तथा बीजापुर की ही पीचर अनुराधा ने हरियाणा की टीम को बांधकर रखा। इस तरह से छत्तीसगढ़ ने हरियाणा से अपनी पिछली हार का बदला भी चुकाया और प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। यह उल्लेखनीय है की सॉफ्टबॉल बालिका वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ टीम में बीजापुर की खिलाड़ी शिल्पा मरपल्ली ने दो बार शानदार होम रन हिट किया, बीजापुर की ही अनुराधा कोवासी ने शानदार पिचिंग करके विपक्षी टीम की बैटिंग लाइन को बांध कर रखा और रन बनाने नहीं दिया तथा बीजापुर की ही अस्मिता मरपल्ली ने शानदार स्लाइड करके अपनी टीम के लिए रन बनाए। जयपुर की सपना खलखो ने चोट लगने के बावजूद भी अपनी टीम के लिए शानदार कैचिंग की। बालिका वर्ग में बीजापुर से, त्रिवेणी मरपल्ली, अस्मिता मरपल्ली, अनुराधा कोवासी, रिंकी हेमला, शिल्पा मरपल्ली, जशपुर से सिमरन खलखो , सपना खलखो ,आराधना तिग्गा,सोनिया एक्का, बेमेतरा से सरिता सिन्हा, केवरा निषाद, राजनांदगांव से सुजल मेश्राम, रोहिणी यादव, दुर्ग से आस्था वाघाडे, रायपुर से पूनम कोपरकर, कवर्धा से सौम्या चंद्राकर, प्रशिक्षक सोनाली साव एवं प्रीति वर्मा, मैनेजर अंजू टांडी सम्मिलित थे।

छत्तीसगढ़ के बालक टीम ने भी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं गोवा को 15-0 से हराकर बेहतरीन शुरुआत की। इसके बाद गुजरात को 8-0 से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किया। सुपर लीग में मध्य प्रदेश को 5-0, पंजाब को 12-0 से हराया। इसके बाद महाराष्ट्र से बहुत ही रोमांचक मैच हुआ। पहले दो इनिंग तक छत्तीसगढ़ की टीम महाराष्ट्र से एक रन से पीछे रही लेकिन आखिरी इवनिंग में छत्तीसगढ़ ने दो रन बनाकर यह मैच 2-1 से जीत लिया, लेकिन अगले मैच में छत्तीसगढ़ की टीम राजस्थान से 0-1 एक से हार गई। मैच इतना संघर्षपूर्ण था कि मैच समाप्त होने तक 2-2 के स्कोर पर दोनों टीमें बराबर रही तथा टाईब्रेकर मैच में महाराष्ट्र की टीम ने दो रन बनाएं और छत्तीसगढ़ की टीम एक रन ही बना सकी तथा यह मैच महाराष्ट्र ने चार तीन से जीत लिया और छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

बालक वर्ग में जशपुर से, राहुल एक्का, सुमित खलखो, विमलेश एक्का, बीजापुर से लक्ष्य निषाद, सूर्या कड़ती, अबिल मिच्चा, कबीरधाम से शुभम सेन, पंकज मेरावी, चंद्रेश कुमार कोर्राम, रायपुर से लोकेश नायक, सुमित सबरवाल, दुर्ग से आर्यन पटेल कोरबा से रामानंद मिश्रा राजनांदगांव से रोहित राजपूत, बेमेतरा से कोमल पाटिल, राजू निषाद प्रशिक्षक गौरव डहरिया एवं वीरेंद्र नायक मैनेजर सारंग नेताम सम्मिलित थे।

राज्य का दल 14 जनवरी को संपर्कक्रांति ट्रेन से दोपहर 2 बजे रायपुर वापस लौटेगा। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा एवं खेल विभाग के प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल खिलाड़ियों की भविष्य की शुभकामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी। समस्त जानकारी सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार ने दी।

## विकसित भारत 2047 पर केंद्रित छाया चित्र प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर स्थित सांस्कृतिक भवन में दो दिवसीय विकसित भारत 2047 जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा एवं नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे जनभागीदारी के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गीत एवं नाट्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 170 एवं 229 बटालियन के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मोहन राजू एवं डॉ. इदरा ग्रीष्मा तेजस्वी के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

दो दिवसीय आयोजन में विकसित भारत के चार प्रमुख स्तंभ युवा, महिला, किसान एवं गरीब पर आधारित विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें भारत की विकास यात्रा, प्रमुख सरकारी पहले एवं भविष्य की दृष्टि को दर्शाया गया है। आर्थिक, सामाजिक एवं डिजिटल सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने हेतु विशेष सत्र आयोजित किए गए।

साथ ही प्रतिभागियों को माई गवर्नमेंट पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव एवं नवाचारी विचार साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूलाल नरवाड़िया ने खेल एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी, जबकि हर्षिता पांडा ने बालिका शिक्षा के महत्व पर विचार रखे।

कार्यक्रम का समन्वय केन्द्रीय संचार ब्यूरो के तकनीकी सहायक केएस दिवान एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक बीएस ध्रुव द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अर्जुन पटेल, मनीषा नाग एवं साधना जैन का सक्रिय सहयोग रहा।

## एसआईआर के तहत सी-ग्रेड मतदाताओं के दस्तावेजों का किया गया सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर विकासखंड के अंतर्गत बस्तर तहसील की ग्राम पंचायत भाटपाल बूथ क्रमांक 121 में सी-ग्रेड मतदाताओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्व में सूचना जारी की गई थी। सूचना के अनुसार संबंधित मतदाताओं को निर्धारित तिथि को पंचायत भवन निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर अपने-अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष जांच एवं सत्यापन उपरांत जमा कराया गया। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपन्न की गई। इस कार्य के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तरुण पाल लहरे की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके साथ सुपरवाइज़र शैलेन्द्र तिवारी, सरपंच अमृत कश्यप, बूथ लेवल अधिकारी सतीश मौर्य, पंचायत सचिव रूपसिंह बघेल, एएलओ. किशोर साहू, रामदास कश्यप, भजनलाल पटेल सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराया गया। इस दौरान ग्रामवासियों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया, जिससे कार्य शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि इस प्रक्रिया के तहत कुल 40 सी-ग्रेड मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था, जिनमें से सभी 40 मतदाता उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवा चुके है।



## धूमधाम से मनाया गया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र में तिलक, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। फिर भाषण प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ आचार्य दीदीयों व भैया बहनों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया व प्रेरक प्रसंग बताया गया। उसके पश्चात नगर के मुख्य मार्ग में मैराथन दौड़ किया गया व शोभा यात्रा निकाली गई। 60 भैया बहनों ने स्वामी विवेकानंद जी के वेशभूषा में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके साथ ही रंगोली, चित्रकला, भाषण, स्वामी विवेकानंद सजाओ प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भैया बहनों ने सभी विधाओं में उत्साह के साथ भाग लिया। नन्हे भैया बहन स्वामी विवेकानंद जी के वेशभूषा में मनमोहक लग रहे थे। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और जय घोष के साथ रैली निकाली गईं जो नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए पुनः वापस विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। आभार प्रदर्शन शिशु भारती अध्यक्ष सूरज सोनी ने किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में हुई स्वदेशी संकल्प दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के एनएसएस इकाई द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जो संस्थान परिसर से प्रारंभ होकर एजुकेशन सिटी क्षेत्र को कवर करते हुए संपन्न हुई।

यह कार्यक्रम शासकीय मॉडल कॉलेज जावंगा के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। स्वदेशी संकल्प दौड़ में कुल 120 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों एवं स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार से संबंधित नारों का जोरदार उद्घोष किया गया। नारों के माध्यम से आम जनता को स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर, समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. मुकेश ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

स्वदेशी अपनाकर ही देश की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तता को मजबूती मिल सकती है। इस अवसर पर शासकीय मॉडल कॉलेज जावंगा के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार माहला की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं स्वदेशी संकल्प के संदेश के साथ किया गया।

## संवैधानिक अधिकार पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



धाकड़ समाज का संभागीय बैठक हमीरगढ़ परगना जिला सुकमा में 11 जनवरी को संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बैठक में संभागीय संरक्षक दयाराम धाकड़, उपाध्यक्ष जोगेश्वर धाकड़, उपाध्यक्ष नारायण सिंह कमलेश, शशिभूषण सिंह मांझी, बस्तर जिलाध्यक्ष दयानिधि, सचिव नरसिंह, बलीराम, भारत सिंह, बलदेव धाकड़, तारासिंह, खेतसिंह, गिरेन्द्र सिंह, रूपसिंह, जगमन धाकड़, शिव, हनुमान, मनुरथ, विनायक, विनायक, महादेव धाकड़, मदन, जगदेव धाकड़ युवा माता-बहन और सुकमा जिला के समाज बन्धु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज के रीति नीति से संस्कारों का निर्वहन व अनावश्यक खर्च से बचाव, आर्थिक सुधार, कुसंगति से समाज को दूर रखने, समाज के उत्थान के लिए समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने, पिछड़ा वर्ग को प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार पर विशेष चर्चा किया गया एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर विचार मंथन किया गया।

सुकमा वासियों के द्वारा एक माह के अन्दर पंजीयन क्रमांक 1722 के बैनर तले जिला स्तरीय सम्मेलन कोकावाड़ा में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है।

## हिंदू सम्मेलन में अवैध धर्मांतरण पर किया चिंतन-मनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बागबाहर रोतमा में एकल अभियान संस्कार शिक्षा द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन संघ बस्तर उपसंघ रोतमा बागबाहर अंचल जगदलपुर संभाग छत्तीसगढ़ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मांतरण पर चर्चा की गई। इस

■ हिंदू समाज को एकजुट रहने और संस्कृति और परंपरा को बचाने किया आह्वान

सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक चेतना का विस्तार, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और हिन्दू समाज को संगठित करना था।

मुख्य अतिथि ग्राम पुजारी रूपु कश्यप ने कहा कि अन्य धर्मों के लोग हिंदू धर्म को बदनाम कर आदिवासी एकता को तोड़ रहे हैं और आदिवासी भाई-बंधुओं को हिंदू धर्म के प्रति जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट रहने और अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए आह्वान किया। मुख्य वक्ता रामनाथ कश्यप ने धर्मांतरण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अन्य धर्म के लोग हिंदू समाज को तोड़ने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं, लेकिन हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से हम हिंदू समाज को मजबूत बना सकते हैं और धर्मांतरण को रोक सकते हैं। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों युवाओं महिलाओं से हिंदू धर्म को एकजुट करने आह्वान करते हुए किसी लालच या दबाव में आकर धर्म परिवर्तन न करने अपील किया। भूतपूर्व सरपंच मनबोध बघेल ने कहा कि गांव में आदिवासियों को हिंदू नहीं है कह कर उनके मन में हिंदू धर्म के प्रति नफरत का जहर घोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू देवी-देवताओं को काल्पनिक बताते हुए उनका उपहास किया जा रहा है और ईसाई धर्म अपनाने के लिए आदिवासी ग्रामीणों को धन, शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ का लालच दिया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत में नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात मां बम्लेश्वरी भजन सेवा मंडली सोनारपाल की टीम ने भजन कीर्तन कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रूपु कश्यप, मुख्य वक्ता रामनाथ कश्यप, सामाजिक कार्यकर्ता कमल किशोर, लखेश्वर कश्यप, रायधर बघेल, पिलसिंग कश्यप (पुजारी), मनबोध बघेल मां बम्लेश्वरी भजन सेवा मंडली सोनारपाल की टीम के साथ ही सभी ग्राम पंचायत के सनातनी हिन्दू समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## जी राम जी अधिनियम ग्रामीण भारत को स्वावलंबी बनाएगा : भरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश शक्ति और सामर्थ्य के साथ खड़ा हो गया है। वही अब विकसित भारत के तस्वीर के साथ तकदीर बदलने जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण भारत को स्वावलंबी और स्वाभिमान बनाने नया आयाम गढने वाला है। इसकी विशेषताओं को गांव-गांव के विकास के लिए दूरदर्शी और महत्वपूर्ण और स्वागतेय बताते हुए कहा कि मनरेगा की जगह लेने वाले जी राम जी अब मनरेगा योजना से बेहतर योजनाओं के साथ ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने वाला है। पहले रोजगार गारंटी की अवधि 100 दिन था अब उसे बढ़ाकर 125 दिन हो गया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य जी राम जी के तहत ग्राम पंचायत गांव के विकास की योजना खुद बना सकेगी।

भरत ने कहा कि इससे हर स्तर पर ग्रामीण जीवन लाभान्वित होगा किसान, गरीब एवं मजदूर व श्रमिकों को संबल बनाने के लिए अपने पैरों पर खड़े होने देने के लिए जी राम जी अधिनियम दूर की सोच है। इससे गांव में लोगों की आय बढ़ेगी, रोजगार गारंटी में अवधि अब 25 दिन बढ़ेगा बल्कि भुगतान सप्ताह में कर दिया जाएगा और भुगतान में देर होने पर अतिरिक्त भुगतान दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### स्वदेशी संकल्प पतंग महोत्सव के पोस्टर का किया गया विमोचन

**कांकेर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कांकेर के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर स्वदेशी संकल्प पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन संपन्न हुआ। युवा मोर्चा द्वारा आयोजित इस पतंग महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 11 हजार की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम नरहरदेव मैदान में दोपहर 1 बजे से शुरू होना है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीयन मोबाइल नंबर 97542 19742 भी जारी किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवाओं को संगठित करना है। पोस्टर विमोचन पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, सुमित्रा मारकोले, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं जिला प्रवक्ता राजिव लोचन, पार्षद मीरा सलाम, मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, शंकुतला जैन, ईश्वर कावड़े, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू साहू, जिला महामंत्री घनेंद्र सिंह ठाकुर, पीयूष वलेचा, निखिल वलेचा, आकाश सोलंकी, आशीष उइके, अंकित तिवारी, हर्षल गजबिए, चिन्मय लोनहारे आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### नितेश पंत

**कांकेर।** जिला कांकेर मुख्यालय के आमापारा निवासी अधिवक्ता



नितेश पंत 50 वर्ष का 12 जनवरी की सुबह हृदयघात से निधन हो गया। वे प्रतिष्ठित अधिवक्ता प्रकाशचंद पंत के बड़े पुत्र थे और उनके छोटे भाई कांकेर जिला न्यायालय में अधिवक्ता है।

### दिवस : राजापारा में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया गया आयोजन

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर गूंजी स्वामी विवेकानंद की वाणी, भाजयुमो ने राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर





युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देने वाले महान चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राजापारा में आस्था, विचार और ऊर्जा का संगम देखने को मिला। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व आरती कर राष्ट्रीय युवा दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया, जहाँ जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने उनके ओजस्वी विचारों को आत्मसात किया। आयोजन का नेतृत्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने किया। राजापारा स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा माल्यार्पण व आरती कर स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कांकेर विधायक आशाराम नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि 12 जनवरी को हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित कर राष्ट्रसेवा की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के उस ऐतिहासिक कथन का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा कि गुलाम का कोई धर्म नहीं होता, अगले पचास वर्षों तक भारत को गुलामी से मुक्त कराना ही तुम्हारा धर्म है। यह विचार आज भी युवाओं को संघर्ष, आत्मबल और राष्ट्रप्रेम की सीख देता है। भरत मटियारा और शालिनी राजपूत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का विजन मूल्यों के साथ समाज सेवा करना था। न केवल भारत, बल्कि विश्वभर के लोग उनके विचारों से प्रेरणा लेते हैं। उनका मानना था कि युवाओं में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपार क्षमता है। इसी सोच को सम्मान देते हुए भारत सरकार ने 12 जनवरी 1984 को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाशक्ति पर अटूट विश्वास रखते थे और मानवता की सेवा को जीवन का उद्देश्य मानते थे। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, दीपक खटवानी, निपेन्द्र पटेल, ईश्वर कावड़े, धनेंद्र ठाकुर, विजय लक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, तनुज ठाकुर, सपन श्रीवास्तव, आकाश सोलंकी, पीयूष वलेचा, जतिन अठभेया, चित्ररेखा जैन, मंजू सारथी, हर्षल गजबीए सहित कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।



### अभाविप ने युवा दिवस पर विवेकानंद को किया नमन

**भानुप्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के अवसर पर नगर मंत्री आयुष जायसवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर टीका लगाकर माल्यार्पण किया गया तथा उन्हें नमन कर उनके विचारों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, युवाओं के प्रति उनके संदेश एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सही दिशा दिखाते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी मंडावी, ऋषभ देवांगन, कुणाल रंगारी, किरण नेताम, यंजली कोरचे, ईशा मंडावी, पृथ्वी सिंह, गणेश यादव, सोमेश चुरेन्द्रा, छाया श्रीवास्तव एवं प्रशांत रंगारी उपस्थित रहे।



### विवेकानंद जयंती पर स्वदेशी संकल्प दौड़ हुई, मिला राष्ट्रभक्ति का संदेश

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार को स्वदेशी संकल्प दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर से रैली के रूप में हुई। हाथों में देशभक्ति के संदेश और मुंह पर जोशीले नारे लिए छात्र-छात्राएं रैली निकालते हुए थाना परिसर तक पहुंचे। रैली के दौरान स्वदेशी अपनाओ, युवा शक्ति, राष्ट्र शक्ति जैसे नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का आयोजन शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन के मुख्य आतिथ्य तथा विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी दिलीप सेवता के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं, पुलिस विभाग, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। थाना परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी संकल्प दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह संदेश है कि हमें स्वदेशी को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। स्वदेशी संकल्प दौड़ ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना का संचार किया, जिससे यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायी बन गया। इस अवसर पर हरीश नागराज, वासु शंकर सिन्हा सहित पुलिस विभाग से मेजर गजेंद्र गेंडरी, सुग्रीव बघ्वेल, अवध नाग, हरवंश कुमेटी, रुबित मरकाम सहित शिक्षकगण, स्वयंसेवक विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### युवा दिवस में मिला संकल्प और राष्ट्रनिर्माण का संदेश



**भानुप्रतापपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर में युवा मोर्चा के ऊर्जावान एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद कि जयंती को उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाया गया। यह दिवस युवाओं में आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा की भावना को जागृत करने का प्रतीक है।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उनका जीवन आज भी युवाओं को साहस, आत्मबल और देश के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाता है। युवाओं को भारत की शक्ति बताते हुए चरित्र, सेवा और संकल्प को जीवन का मूल मंत्र माना। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री राजा पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में राहुल साहू, गौरव श्रीवास्तव, मोहित विश्वास, अंकुर दास, कौशल कुमार रामटेके, शुभास कोठारी, भक्तेश्वर सिन्हा, कनक सिंह राजपूत, छत्रपाल यदु, देव वर्मा, पृथ्वी सिंह, धरम कश्यप, गणेश अचला, ऋषभ देवांगन, पंकज नरेटी सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहें।

### युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाते हुए विद्यालय परिवार ने उनके विचारों, कुशाग्र बुद्धि और प्रखर राष्ट्रभक्ति को याद किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्वामी के प्रसिद्ध उद्धरणों एवं विचारों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाँव के वरिष्ठ नागरिक शिवलाल निषाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन अनुशासन, ज्ञानार्जन और देशसेवा का प्रतिमान है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे निडर होकर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के सतत परिश्रम करें। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उदेराम भुआर्य ने स्वामी के शैक्षिक दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवता की सेवा करना होना चाहिए। इस अवसर पर सबल सिंह दीवान, बृजेश कुमार साहू, विनोद कुमार साहू, अनिल कुमार वर्मा ने भी स्वामी के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एक रस्म अदायगी थी, बल्कि विद्यालय के प्रांगण में एक नई चेतना और ऊर्जा का संचार करने वाला एक सार्थक कार्यक्रम सिद्ध हुआ, जिसने शिकागो से लेकर आमागढ़ तक स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युवा मन को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का हुआ आयोजन

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा रंगोली का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय युवा दिवस का आयोजन बैडमिंटन क्लब माहुरबंदपारा में आयोजित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नमन नाग, द्वितीय काजल सेन एवं एकलव्य देव साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम एकलव्य देव साहू, द्वितीय आदित्य उइके एवं तृतीय आशीष मारकोले तथा रंगोली में प्रथम वंदना मण्डावी, पारकल कोसमा, द्वितीय वासनी जैन एवं युक्ता नरेटी और तृतीय झरना यादव एवं तमन्ना साहू विजेता रहे।



# कोलांग महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब, रंग-बिरंगी वेशभूषा में लोकनृत्य की दिखी छटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर


कोलांग महोत्सव प्राचीन परंपरा, प्रकृति-पूजा और सामूहिक जीवन दर्शन का संदेश

आदिवासी अंचल की माटी से उपजी परंपरा, ढोल-मांदर की गूंज और आदिवासी संस्कृति की जीवंत छटा, कुछ ऐसा ही दृश्य ग्राम कोडाखुरी दमकसा में आयोजित कोलांग महोत्सव में देखने को मिला। जहां परंपरा और आस्था का संगम हुआ, वहीं लोकनृत्य और लोकसंगीत ने जनमानस को अपनी जड़ों से जोड़ दिया। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संकल्प बनकर सामने आया।

विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम कोडाखुरी दमकसा में पारंपरिक कोलांग महोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोंडवाना समाज ब्लॉक दुर्गूकोदल के अध्यक्ष झाडुराम उयका, अध्यक्षता सोमदेव कोरेटी और विशिष्ट अतिथियों में शेरसिंग आचला, सुलोचना सोमदेव कोरेटी, आनंद तेता, देवेन्द्र टेकाम, सोपसिंग आचला, सोमुराम कोरेटी, प्रेम पुडो, टिकेश्वर नरेटी, धरमसिंह नरेटी, सुखदेव उसेंडी, रामदयाल उइका एवं कन्हैया पुडो रहे। महोत्सव के मुख्य अतिथि की आसंदी से झाडुराम उयका द्वारा बुढादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि कोलांग महोत्सव केवल एक नृत्य आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की प्राचीन परंपराओं, प्रकृति-पूजा और सामूहिक जीवन दर्शन का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से समाज की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखे हुए है। उन्होंने चिंता जताई कि आधुनिकता और बदलती जीवनशैली के प्रभाव से पारंपरिक नृत्य, वाद्य और लोक परंपराएं धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। इन्हें संरक्षित करना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सोमदेव कोरेटी ने युवाओं से अपनी लोकसंस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, गीत और नृत्य को गर्व के साथ अपनाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी आदिवासी एकता, सांस्कृतिक चेतना और परंपराओं के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। कोलांग महोत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्यों, मांदर-ढोल की थाप और लोकगीतों की गूंज से पूरा ग्राम कोडाखुरी दमकसा उत्सवमय हो उठा। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने बस्तर की जीवंत संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया। यह महोत्सव बस्तर अंचल की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, लोकनृत्य, लोकसंगीत और सामूहिक जीवन मूल्यों का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। पूरे ग्राम में उत्सव का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी आयोजन के साक्षी बने।

**राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर से दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतार, लोग हुए परेशान**

# आदिवासी नेता के पुत्र की मौत से उबाल कांग्रेस व आदिवासी संगठनों ने किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा



आदिवासी नेता स्व. जीवन ठाकुर के बाद उनके पुत्र नीरज ठाकुर की मौत से समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। इस घटना को लेकर कांग्रेस और आदिवासी संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए चारामा से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को जाम कर दिया है। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। आदिवासी नेता कि मौत के बाद उनके बेटे की मौत ने समाज में काफी आक्रोश भर दिया। कांग्रेस और आदिवासी संगठन के लोगो ने विरोध करते हुए 12 जनवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चारामा में जाम कर दिया। वन अधिकार पट्टा से जुड़े मामले में आदिवासी नेता जीवन ठाकुर, उनके पुत्र नीरज ठाकुर सहित अन्य लोगों के खिलाफ चारामा थाना में अपराध दर्ज किया गया था, जिसके बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसी दौरान रायपुर के जेल में रहते इलाज के दौरान जीवन ठाकुर की मौत हो गई थी, जिससे पहले ही क्षेत्र में असंतोष का माहौल बना हुआ था। जेल से रिहा होने के करीबन 30 दिन बाद नीरज ठाकुर की भी स्वास्थ्य खराब होने के चलते रायपुर के अस्पताल में मौत हो गई। पिता-पुत्र कि लगातार हुई मौतों को लेकर आदिवासी समाज में गहरा रोष है। प्रदर्शन कर रहें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आदिवासी संगठनों ने जेल प्रशासन और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि समय पर समुचित इलाज और देखभाल नहीं मिलने के कारण दोनों की जान गई।

कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय व मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासन को राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम कि जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा शुरू की और स्थिति को नियंत्रित करने कर प्रयास किया।

### पर्यावरण संरक्षण और खनन के लिए गोयल ग्रुप सम्मानित



**दुर्गूकोंदल।** खनन के साथ पर्यावरण संरक्षण और खनिज संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में गोयल ग्रुप ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। 9 वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में कांकेर जिले की दुर्गूकोदल तहसील अंतर्गत ग्राम हाहालद्दी में संचालित माइंस को उत्कृष्ट कार्यों के लिए चार श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रायपुर में आयोजित समारोह में गोयल ग्रुप को मिनरल कंजर्वेशन, वेस्ट डंप मैनेजमेंट, पब्लिसिटी एंड प्रोपेगेंडा तथा ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ। भारतीय खान ब्यूरो के चीफ कंट्रोलर वाईजी काले ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक डीके मोहन्ता ने कहा कि यह सफलता माइंस से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी और तकनीकी टीम के समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। खनन के साथ पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित वेस्ट डंपिंग और श्रमिक सुरक्षा गोयल ग्रुप की प्राथमिकता रही है। गोयल ग्रुप की इस उपलब्धि से न केवल कांकेर जिला बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ राज्य खनन क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है। समारोह में गोयल ग्रुप की ओर से उप महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता, केसी घोषाल, राजकुमार गुप्ता, रवि तिवारी एवं विश्वास कुमार उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 फरवरी, 19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 2AC-35,501/- ऑफर 32,501/- 3AC-29,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)